प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 20 नवम्बर, 2014

विषय: किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के वाहन चालक संवर्ग को संशोधित/उच्चीकृत वेतनमान अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2731/ई/2014, दिनांक 13-06-2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्मिक अनुभाग-1 के पत्र संख्या-13/12/93-का-1-2013 दिनांक 08-05-2013 द्वारा उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग ड्राइवर सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली 2013 प्रख्यापित की गयी है।

2- उपरोक्त के सम्बन्ध में वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-92/दस-2014, दिनांक 04-02-2014 में वाहन चालक संवर्ग के पुनर्गठन के सम्बन्ध में प्रशासकीय विभागों को दिए गये अधिकारों के क्रम में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के चालक संवर्ग के सम्बन्ध में इस शासनादेश के साथ संलग्न तालिका-1 में उल्लिखित पदों की संख्या का विवरण एवं तालिका-2 में उल्लिखित पदों के वेतनमान, वेतन बैण्ड एवं पदों की भर्ती/पदोन्नति की प्रक्रिया को दिनांक 14-06-2012 से प्रतिस्थापित किए जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे)
अनु सचिव।

संख्या-5/2974/71-2-14-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-3/वित्त(वेतन आयोग) अनु0-1/वित्त (बजट) अनुभाग-1/2
6. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ऋषिकेश दुबे)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-5/2974/71-2-2014-के0जी0एम0यू0-13/2014, दिनांक 20 नवम्बर, 2014

क्र0सं0	पदनाम	प्रतिशत के रूप में पदों की संख्या	प्रतिशत के अनुरूप प्रत्येक ग्रेड के पद
1	ड्राइवर ग्रेड-4	संवर्ग में पदों की कुल संख्या का 30 प्रतिशत	14 पद
2	ड्राइवर ग्रेड-3	संवर्ग में पदों की कुल संख्या का 25 प्रतिशत	12 पद
3	ड्राइवर ग्रेड-2	संवर्ग में पदों की कुल संख्या का 20 प्रतिशत	9 पद
4	ड्राइवर ग्रेड-1	संवर्ग में पदों की कुल संख्या का 15 प्रतिशत	7 पद
5	ड्राइवर ग्रेड-1	संवर्ग में पदों की कुल संख्या का 10 प्रतिशत	5 पद
		कुल योग:-	47

क्र0 सं0	पद का नाम	वेतनमान			भर्ती /पदोन्नति का स्त्रोत
		वेतन बैण्ड का नाम	तत्सदृश्य वेतन बैण्ड (रू0)	तत्सदृश्य ग्रेड (रू0)	
1	ड्राइवर ग्रेड-4	वेतन बैण्ड-1	5200-20200	1900	(एक) 80 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 20 प्रतिशत पद मौलिक रूप से, नियुक्त क्लीनरों एवं समूह-घ के कर्मचारियों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो और यथस्थिति भारी या हल्के वाहन चलाने का तीन वर्ष से अन्यून अवधि का वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखता हो तथा किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था से आठवी कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा। परन्तु यदि पदोन्नति हेतु पोषक संवर्ग में पोषक संवर्ग अथवा पात्र व्यक्ति उपलब्ध न हो तो, ऐसी रिक्तियों को उपखण्ड (एक) के अधीन सीधी भर्ती के माध्यम से भरा जायेगा।
2	ड्राइवर ग्रेड-3	वेतन बैण्ड-1	5200-20200	2400	मौलिक रूप से नियुक्त ड्राइवर ग्रेड-4 में से जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप से नौ वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।
3	ड्राइवर ग्रेड-2	वेतन बैण्ड-1	5200-20200	2800	मौलिक रूप से नियुक्त ड्राइवर ग्रेड-3 में से जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को ड्राइवर ग्रेड-3 के पद पर छः वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो, या भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को ड्राइवर ग्रेड-4 और ड्राइवर-3 के पद पर कुल मिलाकर पन्द्रह वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।
4	ड्राइवर ग्रेड-1	वेतन बैण्ड-2	9300-34800	4200	मौलिक रूप से नियुक्त ड्राइवर ग्रेड-2 में से जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को ड्राइवर ग्रेड-2 के पद पर जीन वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा ।
5	ड्राइवर (विशेष ग्रेड)	वेतन बैण्ड-2	9300-34800	4600	मौलिक रूप से नियुक्त ड्राइवर ग्रेड-1 में से जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में एक वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा ।

आज्ञा से,

(ऋषिकेश दुबे)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in